प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शुक्रवार दिनांक 28.11.2025

मुख्य समाचारः—

- कर्नाटक के उडुपी में स्थित श्री कृष्णमठ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्म—निर्भर बनाने के लिए नौ संकल्प दिए।

- नवा रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक—महानिरीक्षक सम्मेलन का केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया शुभारंभ—सम्मेलन में शामिल होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देर शाम पहुंचेंगे रायपुर।

- माओवादियों की एमएमसी स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आगामी एक जनवरी को इस कमेटी के सभी सदस्य हथियार त्याग कर आत्मसमर्पण करेंगे।

- जगदलपुर में पूना मारगेम के तहत आज दस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया—इनमें झीरम घाटी हमले का कथित मास्टरमाइंड चैतू उर्फ श्याम दादा भी शामिल।

प्रधानमंत्री—आत्मनिर्भर भारत संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्म—निर्भर बनाने के लिए नौ संकल्प दिए हैं। श्री मोदी ने कर्नाटक के उडुपी में इन मुद्दों पर लोगों की प्रतिबद्धता का आह्वान किया। कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने देशवासियों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, बाजरे का

इस्तेमाल करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, तेल का इस्तेमाल कम करने और योग को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की।

होल्ड बाईट – प्रधानमंत्री ( 30 सेकेंड )

हमारा पहला संकल्प होना चाहिए कि हमें जल संरक्षण करना है। पानी बचाना है, नदियों को बचाना हमारा दूसरा संकल्प होना चाहिए कि हम पेड़ लगाएंगे देशभर में एक पेड मां के नाम अभियान को गति मिल रही है। इस अभियान के साथ अगर सभी मठों का सामर्थ जुड जाएगा तो इसका प्रभाव और व्यापक होगा। तीसरा संकल्प कि हम देश के कम से कम एक गरीब का जीवन सुधारने का प्रयास करें।

प्रधानमंत्री ने भारतीयों से अपनी विरासत और परंपराओं के लिए पहचानी जाने वाली पच्चीस जगहों पर जाने की भी अपील की।

डीजीपी–कॉन्फ्रेंस

नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम में आज से पुलिस महानिदेशकों–महानिरीक्षकों का साठवां अखिल भारतीय सम्मेलन शुरू हो गया है। तीन दिवसीय इस सम्मेलन का शुभारंभ आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख भाग ले रहे हैं। वहीं, गृह विभाग के प्रमुख और डीआईजी तथा पुलिस अधीक्षक स्तर के कुछ चुनिंदा पुलिस अधिकारी भी इस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं।

इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। प्रधानमंत्री आज देर शाम रायपुर पहुंचेंगे। वे कल और परसों यानि उनतीस और तीस नवंबर को इस सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान श्री मोदी विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान करेंगे।

इस वर्ष इस सम्मेलन का विषय है – 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम'। इस सम्मेलन का उद्देश्य पुलिस के सामने मौजूद मुख्य चुनौतियों से निपटने में हुई प्रगति की समीक्षा करना और 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'सुरक्षित भारत' के निर्माण के लिए एक रोडमैप तैयार करना है। सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद का मुकाबला, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग में फोरेंसिक विज्ञान तथा एआई के उपयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

इससे पहले, कल देर शाम केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनका स्वागत किया।

श्रम संहिता

---

केंद्र सरकार द्वारा लागू चार नई श्रम संहिताओं पर छत्तीसगढ़ में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त गौरव डोगरा ने कहा कि नई श्रम संहिताओं का उद्देश्य समग्र आर्थिक विकास, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और उनका अधिकार सुरक्षित रखने के साथ ही औद्योगिक विकास है।

बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई नई श्रम संहिताओं पर केंद्रित रहेगा। इसके तहत छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त गौरव डोगरा से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण कल उनतीस नवंबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

रेलवे–छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

कोरबा–अमृतसर–बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के सांची स्टेशन में दो मिनट का अस्थाई ठहराव अगले दो दिनों के लिए दिया जा रहा है। यह निर्णय रेलवे प्रशासन ने सांची स्तूप परिसर में चेटियागिरि विहार वर्षगांठ और पवित्र अवशेषों के प्रदर्शन के मद्देनजर लिया है।

माओवादी–आत्मसमर्पण

जगदलपुर में पूना मारगेम के तहत आज दस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों में झीरम घाटी हमले का कथित मास्टरमाइंड चैतू उर्फ श्याम दादा भी शामिल हैं। यह माओवादी आंध्रप्रदेश का निवासी और बस्तर के दरभा, कटेकल्याण, भैरमगढ़ और मलांगीर इलाकों में सक्रिय था। चैतू उर्फ श्याम दादा दरभा डिवीजन का इंचार्ज बताया जाता है। इन माओवादियों ने बस्तर आईजी सुंदरराज पी. और बस्तर के पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

गौरतलब है कि दो हजार तेरह में हुए झीरमघाटी हमले में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित करीब तीस लोगों की मौत हुई थी। वहीं, कई अन्य घायल हुए थे।

माओवादी–पत्र

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी–माओवादी की महाराष्ट्र–मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इस जोनल कमेटी के सभी सदस्य आगामी एक जनवरी को सशस्त्र संघर्ष को विराम देकर और अपने हथियार त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा के आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारित संदेश पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए माओवादी प्रवक्ता ने कहा है कि उनका संगठन निश्चित रूप से सरकार के सामने ठोस प्रस्ताव रखेगा। यह प्रस्ताव या तो मुख्यधारा में शामिल होने के ठीक पहले अथवा पुनर्वास के पश्चात पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि गृहमंत्री विजय शर्मा ने इससे पूर्व माओवादी प्रवक्ता द्वारा जारी पत्र के जवाब में कहा था कि यदि माओवादी कोई ठोस प्रस्ताव देते हैं, तो सरकार उस पर अवश्य विचार करेगी। माओवादी प्रवक्ता ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से गृह मंत्री श्री शर्मा का उनके पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सरकारों से भी इसी तरह की प्रतिक्रिया की अपेक्षा की है।

माओवादी प्रवक्ता ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में एक बार पुनः स्पेशल जोनल कमेटी के सभी सदस्यों से यह अनुरोध किया है कि इस प्रक्रिया के सुखद अंजाम तक पहुंचने तक तमाम गतिविधियों को विराम दें। साथ ही आवेश अथवा जोश में ऐसी कोई हरकत न करें, जिससे इस प्रक्रिया में कोई व्यवधान उत्पन्न हो।

इफ्फी

---

छप्पनवां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव—इफ्फी आज गोवा की राजधानी पणजी में एक भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हो रहा है। इस समारोह में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, सूचना और प्रसारण सचिव, संजय जाजू और समारोह के अध्यक्ष, शेखर कपूर के साथ अनेक गणमान्य लोग शामिल हो रहे हैं।
इफ्फी में प्रदर्शित की जाने वाली अंतिम फिल्म थाई निर्देशक राचापूम बूनबंचचोक की 'ए यूज़फुल घोस्ट' रही।

फिल्म महोत्सव की सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म को गोल्डन पीकॉक पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसके अतिरिक्त आईसीएफटी यूनेस्को गांधी मेडल, सिल्वर पीकॉक अवार्ड तथा एक स्पेशल जूरी प्राइज़ समेत अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार दिए जाएंगे। समापन समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत को उनकी सिनेमा यात्रा के पचास वर्ष पूरे

होने पर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष इफ्फी में इक्यासी देशों की दो सौ चालीस से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गई है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में शीतलहर चल रही है। वहीं, तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि एक चक्रवाती तूफान दित्वाह श्रीलंका के आसपास अवस्थित है। इसके उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ने की संभावना है। इसके असर से प्रदेश के मौसम में असर पड़ सकता है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल जशपुर जिले के ग्राम नारायणपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होते हुए कुम्हारों के लिए ग्लेज़िंग यूनिट स्थापित करने तथा कुम्हार समाज के मंगल भवन के विस्तार के लिए पच्चीस लाख रुपए देने की घोषणा की।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों से निर्धारित समय पर परीक्षाएं आयोजित करने और उपाधियां तथा प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा है कि इसमें देरी से विद्यार्थियों को अवसरों का नुकसान होता है।

- बेमेतरा जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आगामी एक दो और तीन दिसम्बर को कार्यालय परिसर में सुबह ग्यारह बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से सिक्यूटी गार्ड के दो सौ पदों पर भर्ती की जाएगी।

- दुर्ग पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें पास से तीन क्विंटल से अधिक साठ लाख रूपए का गांजा बरामद किया गया था।

<><><><><>